जॉन अब्राहम की फिल्म बाटला हाउस का टीजर रिलीज

जॉन अब्राहम की अपकमिंग फिल्म बाटला हाउस का टीजर रिलीज हो गया है। साल २००८ में दिल्ली में हुई बाटला हाउस मुठभेड़ पर आधारित इस फिल्म की कहानी की दमदार झलक टीजर में देखने को मिल रही है।

टीजर की शुरुआत वॉइस रिकॉर्डिंग से होती है, जिसके बाद गोलियां चलती दिखाई देती हैं। मुठभेड़ के बीच जॉन की झलक दिखाई देती है जिसके बाद किसी के स्टॉप चिल्लाने की आवाज सुनाई देती है।

इसके बाद जॉन अब्राहम की आवाज में सवाल सुनाई देते हैं उस दिन क्या हुआ बाटला हाउस में? क्या हम गलत थे? क्या मैं गलत था? उनके इस वॉइस ओवर के दौरान स्क्रीन पर लिखा दिखता है साल २००८ में कुछ गन शॉट्स ने कई कहानियां बना दीं। 11 साल बाद हम लाए हैं असली कहानी। इस टीजर को सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर करते हुए जॉन ने लिखा, उस दिन चली गोलियों की आवाज 11 साल बाद भी गूंज रही है। इसकी असली कहानी देखिए बाटला हाउस में...।

बता दें कि, फिल्म की शूटिंग फरवरी में खत्म हुई थी। जॉन इस मूवी में डीसीपी संजीव कुमार यादव नाम के किरदार को निभाते दिखेंगे। इसका ट्रेलर १० जुलाई को रिलीज होगा वहीं मूवी को 15 अगस्त के मौके पर रिलीज किया जाएगा।

बेहद हॉट हैं ऐक्ट्रेस चेतना पांडे के सेक्सी फोटोज

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

टीवी-वेब सीरीज और कुछ बॉलिवुड फिल्मों में काम कर चुकीं ऐक्ट्रेस चेतना पांडे भले ही ज्यादा फेमस नहीं हों लेकिन उनके सेक्सी फोटोज आजकल इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं। जाने ऐक्ट्रेस के बारे में सब कुछ।

चेतना पांडे का जन्म 3 अगस्त 1994 को देहरादून में ही हुआ था। इसके बाद चेतना का पालन-पोषण और पढ़ाई लिखाई देहरादून में ही हुई है। चेतना ने देहरादून के श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की है।

बाद में आगे की पढ़ाई के लिए चेतना मुंबई आ गईं और उन्होंने मुंबई यूनिवर्सिटी से ग्रैजुएशन किया। कॉलेज के दिनों में ही चेतना ने मॉडलिंग करना शुरू कर दिया। इसके साथ ही चेतना ने ऐक्टिंग में भी अपना करियर बनाने की कोशिशें शुरू कर दीं।

चेतना ने अपने ऐक्टिंग करियर की शुरुआत तमिल फिल्म नीयम नानुम में दिया के रोल से साल २०१० में की थी। इसके बाद वह रोहित शेट्टी की फिल्म दिलवाले में जैनी के एक छोटे से रोल में दिखाई दी थीं।

चेतना ने कई छोटी वेब सीरीज और टीवी सीरीज में भी काम किया है। उन्होंने एमटीवी के रिऐलिटी शो ऐस ऑफ स्पेस 1 में भी कंटेस्टेंट के तौर पर भाग लिया था। इसके अलावा वह कई म्यूजिक विडियोज में भी काम कर चुकी हैं जिसमें अमरिंदर सिंह, कुंवर विर्क, राहुल वैद्य जैसे सिंगर्स के म्यूजिक विडियोज शामिल हैं।

फिल्मों की बात करें तो नीयम नानुम के अलावा चेतना ने आइ डोंट लव यू, दिलवाले, मुन्ना माइकल, जाने क्यों दे यारों में भी काम किया है। इसके अलावा वह फिल्म ब्रह्मास्त्र में भी एक छोटे से रोल में नजर आ सकती हैं।

32 वर्ष की हुई अभिनेत्री और पूर्व मिस इंडिया पूजा गुप्ता

बॉलीवुड की नवोदित अभिनेत्री और पूर्व मिस इंडिया पूजा गुप्ता 32 वर्ष की हो गयी। पूजा गुप्ता का जन्म ०६ जुलाई 1987 को नयी दिल्ली में हुआ। बचपन के दिनों से हीं उनका रूझान मॉडलिंग की ओर था। वर्ष २००७ में पूजा गुप्ता मिस इंडिया चुनी गयी। इसी साल मैक्सिको में आयोजित मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया और टॉप १० में अपनी जगह बनाई।

पूजा गुप्ता ने बॉलीवुड करियर की शुरुआत वर्ष २०११ में प्रदर्शित कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा की फिल्म 'फालतू' से की। हालांकि यह फिल्म टिकट खिड़की पर खास कामयाब नही हो सकी।इसके बाद पूजा गुप्ता ने शार्टकट रोमियो और गो गोवा गॉन जैसी फिल्मों में भी काम किया। पूजा गुप्ता मॉडलिंग और अभिनय के साथ हीं समाजसेवी संस्थाओं से भी जुड़ी हुई हैं। पूजा गुप्ता पशु अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था पेटा को समर्थन करती है। इसके तहत वह लोगों को शाकाहार के प्रति जागरूक करने का काम करती हैं। इसके अलावा पूजा गुप्ता एडस जागरूकता अभियानों में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाती हैं।

रवीना टंडन फिर बनीं शहर की लड़की

सोनाक्षी सिन्हा की आने वाली फिल्म खानदानी शफाखाना में मशहूर रैपर बादशाह भी बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। बादशाह और डायना पेंटी पर फिल्माया गया इस फिल्म का गाना शहर की लड़की भी रिलीज कर दिया गया है। यह गाना 1996 में सुनील शेट्टी और रवीना टंडन पर फिल्म रक्षक में फिल्माया गया था और उस दौर का एक सुपरहिट गाना था।

अब इसके रिक्रिएट वर्जन में भी बादशाह और डायना के साथ सुनील और रवीना भी दिखाई दे रहे हैं। रवीना ने सोशल मीडिया पर इस गाने का एक बिहाइंड द सीन विडियो शेयर किया है। इस छोटे से क्लिप में रवीना बाइक पर हेलमेट उतारते हुए दिख रही हैं। वैसे बता दें कि फिल्म खानदानी शफाखाना में वरुण शर्मा, अन्नू कपूर और कुलभूषण खरबंदा भी महत्वपूर्ण किरदारों में दिखाई देंगे। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा एक ऐसी लड़की का किरदार निभा रही हैं जो सेक्स और उससे जुड़ी समस्याओं पर समाज का सामना करती है। यह फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।